हाउसिंग बोर्ड की प्रतापनगर योजना में आयुष मार्केट में भूखण्ड के लिए पहले दिन 200 ईएमडी जमा हुई

जयपुर। प्रताप नगर में विकसित किए जा रहे आयुष मार्केट (दवा मार्केट) में दुकानों के भूखण्ड खरीदने के लिये खरीददारों का उत्साह देखने को मिल रहा है। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड 11 दुकानों के भूखण्डों का ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचान करेगा। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने बताया ई- ऑक्शन के लिये 200 लोगों ने अमानत राशि (ईएमडी) जमा करवाई है। ई ऑक्शन की प्रक्रिया जारी है जो 15 जुलाई सायं 6 बजे तक चलेगी। अरोड़ा ने बताया प्रताप नगर स्थित आरयूएचएस के आस-पास कोई दवा बाजार नहीं है इसलिए यहां आयुष मार्केट विकसित किया जा रहा है। यहां भूखण्ड खरीदने के लिए मुम्बई, कोलकाता, बेंगलूरू और सिक्किम सहित देश के अन्य हिस्सों से भी लोग नीलामी में भाग ले रहे हैं।

भुगतान की शर्तों में छूट

हाउसिंग बोर्ड ई- ऑक्शन में सम्पत्ति क्रय करने पर भुगतान की शर्तों में छूट दी जा रही है। अब अमानत राशि (ईएमडी) बिड मूल्य के 5 प्रतिशत के स्थान पर 2 प्रतिशत ली जाएगी। सफल बिड राशि की 15 प्रतिशत राशि 3 दिवस में जमा करानी होगी, जिसमें 2 प्रतिशत ईएमडी समायोजित कर ली जाएगी। बिड स्वीकृति के पश्चात बिड मूल्य (विविध खर्चों सहित) की 35 प्रतिशत राशि 240 दिवस में एवं शेष 50 प्रतिशत राशि 360 दिवस में जमा करवाई जा सकती है। सम्पूर्ण नीलामी राशि मांग पत्र जारी होने के 15 दिवस में जमा कराने पर नीलामी मूल्य में 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।